Bareilly, Wednesday,
1 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

PAGE NO : II MIDDLE

## एसआरएमएस अकादमी फाइनल में, लखन और देवराज चमके

**रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले जा रहे सेमीफाइनल मुकाबले**

जागरण संवाददाता, बरेली: कैंट में रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मंगलवार को सेमीफाइनल खेला गया। एसआरएमएस ने पहले सेमीफाइनल में केपीएस क्रिकेट अकादमी को हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

एसआरएमएस के कप्तान पंकज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 180 रन बनाए, जिसमें देवराज ने शानदार 51 और संचित पांडे ने 41 रन का अहम योगदान दिया। केपीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से पवन राजपूत ने तीन, जबकि प्रियांशु मेहरा और पंकज यादव ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केपीएस की टीम 95 रन पर ही आल आउट हो गई। एसआरएमएस के गेंदबाज लखन ने कहर बरपाते हुए तीन विकेट झटके। युवराज और अंशुमान ने भी दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केपीएस की तरफ से आयुष कुमार ने सर्वाधिक 30 और अंश यादव ने 18 रन बनाए। टूर्नामेंट सचिव मनीष सिंह ने बताया कि दूसरा सेमीफाइनल बुधवार को रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी और जीप क्रिकेट अकादमी के बीच सुबह 11 बजे खेला जाएगा।